## संपादकीय

# नीतिगत अस्थिरता की मिसाल

निर्यात रोकने के बाद अब सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी। यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। लेकिन सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए।

अचानक आयात या निर्यात को रोक देना नरेंद्र मोदी सरकार की खास पहचान बन चुकी है। फैसले चौंकाने वाले अंदाज में लिए जाते हैं, जिससे प्रभावित होने वाले तबकों को किसी पूर्व तैयारी का मौका नहीं मिलता। ऐसी मिसाल हाल में एक तरफ कंप्यूटर और उससे संबंधित उपकरणों का आयात रोकने के निर्णय के रूप में देखने को मिली, तो दूसरी तरफ अचानक चावल और फिर प्याज का निर्यात रोक दिया गया। ऐसे फैसलों से निर्यात श्रृंखला से जुड़े तमाम उत्पादकों और कारोबारियों के लिए अचानक जो मुसीबत खड़ी होती है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसे का जो संकट खड़ा होता है, वर्तमान सरकार उसकी परवाह नहीं करती। मगर इस बार प्याज के मामले में फैसला होते ही प्याज किसान सडक़ों पर उतर आए। चुनाव के गरमाते सीजन में किसानों के इस गुस्से से सत्ताधारी दल में आशंकाएं पैदा हुईं। तो अब वाणिज्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने किसानों को भरोसा दिया है कि उनके नुकसान की भरपाई की कोशिश में सरकार दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदेगी।

यह खरीदारी निर्यात के आरंभिक भाव 2,410 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। यह उचित फैसला है। असल में सरकार को इस बारे में एक स्थायी नीति बनानी चाहिए। नौ साल पहले जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब एक मूल्य स्थिरता (प्राइस स्टैबलाइजेशन) कोष बनाने का इरादा जताया गया था। उसका मकसद बाजारों में उस कोष के जरिए हस्तक्षेप कर जरूरी चीजों की कीमतों को स्थिरता देना बताया गया था। लेकिन बाद में उस बात को भुला दिया गया। इसके विपरीत विभिन्न क्षेत्रों में मोनोपोली कायम करने वाले कदमों को बढ़ावा दिया गया। यह अनेक अध्ययनों का निष्कर्ष है कि आज के दौर की महंगाई मोनोपोली और विक्रेताओं के लगातार मुनाफा बढ़ाने के प्रयासों का नतीजा है। इसकी कीमत आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि जैसे क्षेत्र में उत्पादकों यानी किसानों को भी चुकानी पड़ रही है। किसानों का सवाल वाजिब है कि जब कीमतें बढ़ने के कारण उन्हें लाभ होने की स्थिति होती है, तो सरकार इसमें ब्रेक क्यों लगा देती है? सरकार को इस प्रश्न का जवाब देना चाहिए।

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने मचाई सनसनी

## 4 बाई 400 मीटर रिले में बनाया एशियाई रिकॉर्ड




**बुडापेस्ट ।** भारतीय पुरुष 4म400 मीटर रिले टीम ने यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सनसनी मचा दी और सेमीफाइनल हीट में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रही, मगर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर एशियाई रिकॉर्ड बनाया। जैसे ही प्रतियोगी पुरुषों की 4 बाई 400 मीटर रिले दौड़ में पहले सेमीफाइनल के अंतिम चरण में पहुंचे, स्टेडियम में हलचल मच गई, क्योंकि भारत फिनिश लाइन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कड़ी टक्कर ले रहा था।

हालांकि ट्रेवर बैसिट, मैथ्यू बोलिंग, क्रिस्टोफर बेली और जस्टिन रॉबिन्सन की यूएसए टीम अंतत: 2:58.47 में हीट जीतने के लिए आगे बढ़ी, लेकिन भारत 2.59.05 के एशियाई रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेस रमेश की भारतीय चौकड़ी ने 3 मिनट से भी कम समय में एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए शानदार दौड़ लगाई। भारतीय टीम ने पिछले साल अमेरिका के यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में जापान द्वारा निर्धारित 2.29.51 के पिछले अंक में सुधार किया।

भारत के बाद ग्रेट ब्रिटेन और बोत्सवाना थे, दोनों ने 2.59.42 का समय निकाला। ब्रिटेन ने तीसरा स्वचालित क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया, जबकि बोत्सवाना समय पर आगे बढ़ गया। जमैका ने दूसरा सेमीफाइनल 2.59.82 में जीता और फाइनल के लिए उनके पास व्यक्तिगत चैंपियन एंटोनियो वॉटसन होंगे। फ्ऱांस ने इटली और नीदरलैंड्स को पछाडक़र दूसरा स्थान प्राप्त किया, और ये सभी फ़ाइनल में पहुंचे। लेकिन शनिवार को सारा ध्यान भारतीय टीम पर था, क्योंकि वह स्प्रिंट पावरहाउस जमैका से तेज टाइमिंग के साथ कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर थी।

# 8 और 10 सितंबर के बीच रद्द हो सकती हैं कई फ्लाइट्स



**नई दिल्ली ।** अगर 8 और 10 सितंबर के बीच आप हवाई सफर करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए अहम है। खबर यह है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर 8 से 10 सितंबर के बीच 160 घरेलू उड़ानें रद्द किया जा सकता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार, जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर एयरपोर्ट पर विमानों के लिए 160 फ्लाइट रद्द करने की योजना बनाई है। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर्स (डायल) ने कहा कि उनको जी20 शिखर सम्मेलन के सिलसिले में घरेलू उड़ानें रद्द करने के लिए एयरलाइंस से अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

एक रिपोर्ट में यह जानकारी साझा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान कई फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें। एविएशन मंत्रालय ने कहा है कि पार्किंग की समस्या को देखते हुए एयरलाइंस के विमानों को दिल्ली एयरपोर्ट के बजाय आसपास के एयरपोर्ट लखनऊ और जयपुर जैसी जगहों पर भेजे जा सकते हैं। वहीं टॉप लग्जरी होटल भी पूरी तरह से बुक हैं, जिसमें ताज होटल, लीला पैलेस और आईटीसी मौर्य शामिल हैं।

# डीजीसीए ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट में पाई खामियां



**नई दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दो सदस्यीय वाले निरीक्षण दल ने एयर इंडिया के आंतरिक सुरक्षा ऑडिट में खामियां पायी और इस मामले की जांच शुरू कर दी। विमानन नियामक संस्था के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है, वह विवरण का खुलासा करने में असमर्थ हैं।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि ने कहा, निगरानी टीम द्वारा की गई टिप्पणियों से कई चिंताएं सामने आई हैं। इन मामलों की फिलहाल आगे जांच की जा रही है।

डीजीसीए को सौंपी गई निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, एयर इंडिया को संचालन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे केबिन निगरानी, कार्गो, रैंप और लोड में नियमित सुरक्षा मामलों की जांच करनी थी, लेकिन औचक निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि एयरलाइन ने सभी 13 मामलों में फर्जी रिपोर्ट तैयार की। एयर इंडिया ने अभी तक इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# एफपीआई ने अगस्त में बेचे 15,817 करोड़ रुपए के शेयर




**नई दिल्ली ।** एफपीआई ने 26 अगस्त तक नकदी बाजार में 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। अगस्त की शुरुआत में शुरू हुई एफपीआई बिक्री जारी है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि हालांकि 26 अगस्त तक एफपीआई का निवेश 10,689 करोड़ रुपये है।

लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से निवेश शामिल है, जो हाल ही में गति पकड़ रहा है। नकदी बाजार में एफपीआई ने 26 अगस्त तक 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 104 के आसपास मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 प्रतिशत के आसपास रहना भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह के लिए अल्पकालिक नकारात्मक है।

एफपीआई निवेश की एक महत्वपूर्ण विशेषता पूंजीगत वस्तुओं में उनकी लगातार खरीदारी है। और, हाल ही में, उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड को देखते हुए एफपीआई द्वारा निकट अवधि में नकदी बाजार में बिकवाली जारी रखने की संभावना है।

अगस्त में खराब मानसून से मुद्रास्फीति ऊंची रह सकती है और यह चिंता का विषय बनता जा रहा है जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, इससे एफपीआई निवेश पर भी असर पड़ सकता है।

# ड्रीम गर्ल 2 की पूजा ने खूब बजाया दिलों का टेलीफोन, फिल्म ने पहले दिन कर डाली बंपर कमाई




आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर 'ड्रीम गर्ल 2' साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी. ये फिल्म इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस मिक्स्ड रिव्यू मिला है. आयुष्मान की यह फिल्म साल 2019 की हिट फिल्म 'ड्रीम गर्ल' की सीक्वल है. ड्रीम गर्ल 28 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी और इसने 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी. वहीं 'ड्रीम गर्ल 2' की ओपनिंग भी अच्छी रही है. चलिए यहां जानते हैं आयुष्मान स्टारर फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितनी कमाई की है?

बॉक्स ऑफिस पर पिछले दो हफ्ते से 'गदर 2' और 'ओएमजी 2' राज कर रही है. इन दोनों फिल्मों के बीच राज शांडिल्य के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. वहीं 'ड्रीम गर्ल 2' की पूजा ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों की घंटी बजा दी है और इसी के साथ फिल्म की शुरुआत भी अच्छी रही है. वहीं अब 'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल 2' ने रिलीज के पहले दिन शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर 9.7 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है.

सनी देओल की 'गदर 2' की तूफानी कमाई के आगे 'ड्रीम गर्ल 2' का पहले दिन का कलेक्शन शानदार माना जा रहा है. वहीं उम्मीद है की वीकेंड पर 'ड्रीम गर्ल 2' की कमाई में तेजी आएगी और ये शानदार कलेक्शन करेगी. अब देखने वाली बात होगी की बॉक्स ऑफिस पर 'ड्रीम गर्ल 2' क्या 'गदर 2' के आगे कितनी कमाई कर पाएगी.

मथुरा का एक छोटे शहर का लडक़ा, करम, अपने पिता का कर्ज चुकाने के लिए हर दिन संघर्ष कर रहा है, जिसने लगभग सभी से पैसे उधार लिए हैं. दूसरी ओर, वह परी से बेहद प्यार करता है, जिसके पिता ने उससे शादी करने के लिए शर्तें रखी हैं. अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए, करम पूजा बनकर सामने आता है.

# उबले चावल को लेकर सरकार का बड़ा फैसला, तत्काल प्रभाव से 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया



**नई दिल्ली ।** केंद्र ने देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है।

यह निर्णय चावल की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है। उल्लेखनीय है कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढक़र 11 प्रतिशत और ओवरऑल खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत हो गई थी।

उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा, जिससे इसकी विदेशी बिक्री सीमित हो जाएगी और साथ ही इसकी घरेलू उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

भारत ने 20 जुलाई को सफेद चावल का निर्यात रोक दिया था, जिससे खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के चावल मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई वैश्विक कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

उबली हुई किस्म के निर्यात पर ताजा अंकुश से वैश्विक कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि महंगाई पर काबू पाना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता है।

# मस्क ने एक्स पर न्यूज आर्टिकल्स से हेडलाइन और टेक्स्ट हटाना किए शुरू



**नई दिल्ली ।** एलन मस्क ने पत्रकारों को सीधे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रकाशित करने और उच्च आय अर्जित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म पर शेयर किए गए न्यूज आर्टिकल्स से हेडलाइन और टेक्स्ट हटाना शुरू कर दिया।

एक्स पर, न्यूज आर्टिकल्स वाले पोस्ट में केवल लीड इमेज और यूआरएल शामिल होता है, हेडलाइन और टेक्स्ट को हटा दिया जाता है और लिंक केवल आर्टिकल लीड इमेज प्रदर्शित करता है।

मस्क ने एक पोस्ट के माध्यम से कहा था कि अगर आप एक पत्रकार हैं जो लिखने की अधिक स्वतंत्रता और अधिक आय चाहते हैं, तो सीधे इस प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित करें।

एक फॉलोअर ने प्रतिक्रिया दी, तो फिर हमें बेहतर टूल्स दें।

इस बीच, मस्क ने अब न्यूज आर्टिकल्स के लिए फॉर्मेट डेवलप करने के लिए एक्स पर जोर दिया है, जहां वे केवल एक लीड इमेज और सोर्स यूआरएल दिखाते हैं।

इमेज अभी भी आर्टिकल के लिंक के रूप में काम करेगी।

नया बदलाव अलग-अलग पोस्ट की ऊंचाई कम करने के लिए हो सकता है ताकि यूजर्स की टाइमलाइन ज्यादा कंटेंट प्रदर्शित कर सके।

# ऑपरेशन वैलेंटाइन से जारी हुआ वरुण तेज का लुक, मानुषी छिल्लर भी आएंगी नजर




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता वरुण तेज लंबे समय से अपनी फिल्म वीटी13 को लेकर चर्चा में हैं।फिल्म को लेकर तरह-तरह की जानकारी सामने आती रहती है। अब वरुण की इस फिल्म से उनके लुक के साथ ही इसके शीर्षक की घोषणा हो गई है। वरुण की वीटी13 का नाम ऑपरेशन वैलेंटाइन रखा गया है। फिल्म से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। फिल्म के पोस्टर में वरुण एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन के जरिए वरुण बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। भारतीय वायु सेना पर आधारित इस हवाई एक्शन ड्रामा में मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।ऑपरेशन वैलेंटाइन 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको सफलता मिलेगी।

***वृष:*** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा। कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियां भी मिलेगी, जिसे पूरा करने में सफल होंगे।

***मिथुन:*** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। संतान की सफलता से आपको प्रसन्नता होगी, आपके घर लोग बधाई देने आएंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करने से आपका पैसा खर्च होगा, खर्च का ब्यौरा तैयार करना अच्छा रहेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मनमुताबिक परिणाम मिलेगा। खुद पर ध्यान देंगे। विरोधियों से चल रहा विवाद आज समाप्त हो जाएगा, विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे।

***सिंह:*** आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***कन्या:*** आज आपका दिन बहुत बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा।

***तुला:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, आपका काम सफल होगा।

***वृश्चिक:*** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम आपको उनका प्रिय बना देगा। आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे।

***धनु:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुराने दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होगी। यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। आपको थकान महसूस हो सकता है, अच्छी डाईट आपको फिट रखने में मदद करेंगी।

***मकर:*** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में गड़बड़ी होने से आप थोड़ी उलझन में रहेंगे, लेकिन जीवनसाथी के सहयोग से सब जल्द ही ठीक हो जाएगा।

***कुंभ:*** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।

***मीन:*** आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी का कारोबार करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी।

# घर पर बनाएं हलवाई जैसा गुलाब जामुन




**सामग्री:-**

काला जामुन पाउडर– 150 ग्राम, , इलाइची पाउडर– 1 छोटी चम्मच, घी-1 चम्मच, दूध– 50 ग्राम, चीनी: 300 ग्राम, केसर – 8-10, घी: तलने के लिए

**विधि :-**

1. सबसे पहले एक बारे बरतन में चीनी को ले ले और उसमे पानी डाल दे और फिर उसे गैस पे चासनी बनाने के लिए रख दे |
2. जब चासनी पककर हल्की गाढ़ी हो जाये तो उसे हाथ में थोड़ा सा लगा कर देखे अगर चाशनी शहद के जैसी चिपक रही है मतलब चाशनी बनकर तैयार हो गयी है | उसे गैस से उतार दे |और उसमे केशर के दाने को दाने डाल दे |
3.उसके बाद एक बर्तन में गुलाब जामुन पाउडर ले ले और उसमे इलाइची पाउडर डालकर मिलाये |
4. फिर उसमे थोड़ा थोड़ा करके दूध डाले और उसे शाने ले | फिर उसे 10 मिनट के लिए छोड़ दे |
5. फिर हाथ में थोड़ा सा घी लगाए और शाने हुए आटे में से थोड़ा सा ले ले और उसका गोली बनाये | (ध्यान रहे गोली एकदम चिकनी होनी चाहिए नहीं तो वो तेल में जाने के बाद फैट जाएगी)
6. ऐसे ही सारी गोली बना ले।
7. फिर घी को गरम होने के लिए रख देंगे |
8. जब घी हल्का गरम हो जाये तो उसमे गुलाब जामुन की गोली को डाल देंगे |और उसे कलछी से चलाये (ध्यान रहे गुलाब जामुन कलछी में चिपकना नहीं चाहिए)
9. और अब हमारी गुलाबजामुन हल्की लाल हो गयी है तो अब हम इसे जैसे चाहे वैसे तल सकते है |
10. और हमारी गुलाब जामुन लाल हो गयी है | अब हैम इसे निकाल कर चाशनी में डाल देंगे |
11. हमने पूरी गुलाबजामुन को घी में तलकर चाशनी में डुबो दी हु | और अब हम इसे 2-3 घंटे के लिए धक् कर छोड़ देंगे | फिर उसे सर्विंग कटोरे में निकाल ले | और हमारी गुलाब जामुन बनकर तैयार है |

## शब्द सामर्थ्य- 168

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 167 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 168

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.167 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |